# विकास की हकीकत मुक्तिधाम ने की बयां

**खास बातें**

- न टीन शेड, न रास्ता, अंतिम यात्रा भी मुश्किल भरी
- नटेरन मुख्यालय के ऐसे हैं हालात, जनप्रतिनिधियों की बेरूखी



नवभारत न्यूज

**विदिशा 27 जुलाई, विकास के दावे उस समय हवा होते नजर आते हैं जब बुनियादी जरूरतें भी पूरी नहीं हो पाती हैं. जनपद से लेकर अधिकांश जनप्रतिनिधि भाजपा से जुड़े होने के बाद भी विकास होता नजर नहीं आ रहा है.**

नटेरन मुख्यालय में मौजूद मुक्तिधाम में न तो टीन शेड और न ही उस तक पहुंचने का रास्ता है. यहां पर दो मुक्तिधाम हैं लेकिन दोनों की हालत बद से बद्तर हो चुकी है.इनके हालात सुधारने के लिए कई बार नेताओं से गुजारिश की जा चुकी है लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधियों ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया है. जिले के कई गांव ऐसे हैं जहां पर मुक्तिधाम नहीं हैं और मुक्तिधाम हैं तो उन तक पहुंचने का रास्ता भी नहीं है. इनको सुधारने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने अपने स्तर पर प्रयास किए और जानकारी प्रदेश सरकार तक पहुंचाई जिसके बाद कुछ मुक्तिधाम की हालत को सुधारने की कवायद शुरू हो चुकी है.नटेरन जनपद और एसडीएम कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर स्थित मुक्तिधाम की तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि छत पूरी तरह से टूट चुकी है और अब सिर्फ कुछ खंभे और लोहे का ढांचा ही बचा है. बारिश के मौसम में अंतिम संस्कार के समय तिरपाल डालना ही एकमात्र विकल्प रह जाता है. शासन-प्रशासन द्वारा लगातार विकास के दावे किए जाते हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है. ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद कोई मरम्मत या नया निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है.

### हर साल बारिश में दाह संस्कार में होती है परेशानी

हर साल बारिश के दौरान होने वाले दाह संस्कार के दौरान मृतक के परिजनों और ग्रामीणजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है. यहां के रहवासियों ने बताया कि नटेरन में दो मुक्तिधाम हैं जिनकी हालत कई सालों से खराब है इसको सुधारने के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए हैं. कई बार इसकी शिकायत की जा चुकी है लेकिन हालात नहीं बदले हैं. बताया गया कि इसकी जानकारी सीइओ को भी दी गई है जहां से मुक्तिधाम को ठीक कराने का भरोसा दिया गया है. लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई हैं. स्थानीय रहवासियों ने जिपं अध्यक्ष और सीईओ को भी मामले से अवगत करा दिया गया हैं.

### जल्द की व्यवस्थाएं ठीक कराई जाएंगी

मुक्तिधाम की बिगड़ी हालत के बारे में जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया का कहना है की मुक्तिधाम की समस्या मेरे संज्ञान में आई है इसको एक दो दिन में ठीक करा दिया जाएगा. जहां से भी जानकारी आती है वहां पर सुधार कराया जा रहा है.

# स्कूल भवन की जर्जर छत के नीचे पढ़ायी करने मजबूर बच्चे






**छत गिरने का बना हुआ खतरा**

**माध्यमिक शाला बिसलोनी भवन के बुरे हाल**

नवभारत न्यूज

**पठारी 27 जुलाई, आये दिन किसी न किसी स्कूल भवन की दीवारों या छत को लेकर दुर्घटनायें होती रहती हैं. इसके बावजूद भी शासन प्रशासन इनसे सबक नहीं ले रहा है. पठारी क्षेत्र की माध्यमिक शाला बिसलोनी का भवन लगभग 20 वर्ष पूर्व बना था और यह भवन अब पूरी तरह से जर्जर हो गया है.**

छत से लगातार प्लास्टर गिरता रहता है.बारिश में छत से पानी टपकना तो आम बात हो गयी है. प्लास्टर के साथ-साथ छत का धराशायी होने का खतरा बना रहता है.इसके बावजूद भी बच्चे उन कमरों में बैठ कर पढ़ाई करने को मजबूर है.स्कूल के शिक्षक भी यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं कि हमने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दे दी है.पलक, रविंद्र यादव ने बताया कि हम कई बार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से प्लास्टर गिरने की शिकायत कर चुके हैं.परंतु कोई कार्यवाही हुयी है. स्कूल की छात्रा वैशाली यादव और सिद्धि तिवारी ने बताया की जब भी प्लास्टर गिरता है तो हम किताबों से सिर ढक लेते हैं.

हमेशा डर के माहौल में पढ़ाई करने पर मजबूर हैं.कुछ माह पहले प्रदेश सरकार के द्वारा शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग के द्वारा क्षेत्र में पुराने और खस्ता हाल स्कूल भवनों का सर्वे करवाया गया था. पुराने और खस्ता हाल भवनो में बच्चों को नहीं बिठाने के निर्देश दे दिए गए थे परंतु उनके सुधार या नए भवन निर्माण को लेकर सकारात्मक पहल देखने को नहीं मिली. शाला के प्रधान अध्यापक रवि रिछारिया ने बताया कि बिल्डिंग की समस्या को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है.

**एक नजर में**

### बरेठा में आरम्भ हुई श्रीमद्भागवत कथा

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** ग्राम बरेठा में संगीतमय श्रीमद् भागवतकथा का आयोजन श्री दुर्गामाता मंदिर परिसर में रविवार को आरम्भ हुआ, प्रथम दिवस कलष यात्रा ग्राम के अन्दर श्रद्धा पूर्वक निकाली गई. कथावाचक पं. राजेष पाठक सागर के मुखारविन्द से 2 अगस्त तक दोपहर के समय कथा संचालित होगी, कथा में आसपास के ग्रामीण अंचल से बडी संख्या में श्रद्धालुजन कथा सुनने पहुंच रहे हैं.

### हरियाली तीज पर हुये धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** हरियाली तीज के शुभ अवसर पर स्थानीय श्री राम दरबार कर्मा बाई मंदिर साहू समाज में भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत प्रात:काल भगवान शिव-पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना एवं रुद्राभिषेक से हुई. मंदिर को फूलों, बंदनवारों और रंग-बिरंगी झालरों से आकर्षक रूप से सजाया गया था.इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर भाग लिया.महिलाओं ने गीत-संगीत, झूला झूलना और मेहंदी रचाने की परंपरागत रस्में निभाईं.मंदिर प्रांगण में झूले लगाए गए थे, जिन पर महिलाएं लोकगीतों के साथ झूमती नजर आईं साहू समाज महिला मंडल समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं जलपान की व्यवस्था की गई थी.समापन पर पुजारी आचार्य अशोक जी महाराज ने सभी को हरियाली तीज की शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण संरक्षण और पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना की. श्रद्धालुओं ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे हर वर्ष मनाने का आग्रह किया.

# झूला तीज पर श्री राधाकृष्ण को झुलाया झूला

**महिलाओं ने ढोलक, मंजीरे के साथ गाये भजन**

**श्रावण पूर्णिमा तक चलेगा झूला उतव**



नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** श्रावण मास में हरियाली तीज झूला तीज के अवसर पर राजाजी की हवेली स्थित मंदिर में झूला डालकर भक्तों ने राधारानी और भगवान श्रीकृष्ण को झूला झुलाकर झूला उत्सव की शुरुआत की. इस दौरान राधारानी और भगवान श्रीकृष्ण को मनमोहक वस्त्र धारण कराये गये. भगवान को तरह तरह के भोग अर्पित किये गये. जिसमें विशेष रूप से घेवर का भोग लगाया गया. भगवान की पूजा, अर्चना कर उन्हें झूले में विराजित किया गया इसके बाद मंदिर में मौजूद महिलाओं ने बारी बारी से भगवान को झूला झुलाया. इस दौरान महिलाओं ने हरे रंग के वस्त्र धारण कर सोलह श्रृंगार किये. एवं महिलाओं ने ढोलक, मंजीरे एवं पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ भजन गाये. यह झूला उत्सव झूला तीज से शुरू होकर श्रावण पूर्णिमा तक मनाया जावेगा. इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा. इस अवसर पर मिथलेश गौड़, सविता गौड़, रजनी गौड़, सोनू श्रीवास्तव, रुक्मणी अग्रवाल, संगीता रघुवंशी, आरती कुशवाह, रानी जैन, शशि यादव, कविता शर्मा, स्वाति लोधी, निशा शाक्य, प्रीति साहू सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे.

### 241 घरों में की लार्वा की जांच

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** जिले में डेंगू से बचाव के उपायों और लार्वा की जांच पड़ताल का कार्य अभियान के रूप में क्रियान्वित किया जा रहा है. जिला मलेरिया अधिकारी डा टीकाराम शर्मा ने बताया कि विभागीय अधिकारियों - कर्मचारियों ने शनिवार को 241 घरों में पहुंचकर अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कार्यों का संपादन किया गया है.मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला मलेरिया अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, नर्सिंग कालेज की छात्राओं के दल के द्वारा शहर के पूरनपुरा वार्ड नंबर 36 तथा अहमदपुर ग्रामीण क्षेत्र में सघन लार्वा सर्वे, तथा पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद में कीटनाशक दवा छिड़काव एवं फॉगिंग गतिविधि की गई मलेरिया टीम के द्वारा 241 घरों के 1677 कंटेनर का सघन लार्वा सर्वे किया गया.


# भाजपा ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की मनायी पुण्यतिथि



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** भाजपा दुर्गानगर मंडल द्वारा पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय श्री एपीजे अब्दुल कलाम जिन्हें भारत मिसाइल मैन के नाम से जानता है, की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये. पुण्यतिथि पर विधायक मुकेश टंडन ने कार्यकर्ताओं को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की विकट परिस्थिति में भी डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम अपने संकल्प को पूरा करने में दृढ़ संकल्पित रहे और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में पोखरण में परमाणु परीक्षण कर विश्व पटल पर भारत की शक्ति से परिचित कराया.कार्यक्रम में दुर्गा नगर मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, दिनेश कुशवाहा, ग्यारसपुर के पूर्व जनपद अध्यक्ष छत्रपाल शर्मा, दुर्गा नगर मंडल के महामंत्री राम प्रसाद पासी, सुनील साहू ,कार्यालय मंत्री सागर मीणा, उपाध्यक्ष विवेक सेंगर, मंत्री राजेंद्र अहिरवार पार्षद प्रतिनिधि राजू डांगी, कमलेश सूर्यवंशी पार्षद लीलाधर लोधी आदि उपस्थित रहे.

# श्रावण सोमवार पर शिवालयों में गूंजेंगे जयकारे



**तीर्थक्षेत्र देवपुर में उमड़ेगा आस्था का सैलाब**

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** पवित्र श्रावण मास के सोमवार पर क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी. इस दौरान शिवालयों में हर-हर महादेव के जयकारे गूंजेंगे. वही पवित्र तीर्थक्षेत्र बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर में भी आस्था का सैलाब उमड़ेगा.

पवित्र श्रावण मास के सोमवार पर शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगेगा. इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवालयों में पहुंचकर भगवान महादेव की पूजा, अर्चना एवं अभिषेक करेंगे. वही क्षेत्र के शिव मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान एवं कार्यक्रम आयोजित किए जावेंगे. श्रावण मास के पवित्र सोमवार को लेकर मंदिर समितियों द्वारा भी मंदिरों में व्यापक तैयारियां की गई हैं. नगर के सोमनाथ मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, पंचकुईयां मंदिर, नीलकंठेश्वर मंदिर, नागेश्वर मंदिर, जटाशंकर महादेव मंदिर सहित विभिन्न शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई देगी.

तीर्थक्षेत्र देवपुर पहुंचेंगे हजारों श्रद्धालु पवित्र श्रावण सोमवार पर पवित्र तीर्थक्षेत्र बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे. एवं बाबा विश्वनाथ जी मंदिर परिसर में स्थित पवित्र कुंड के जल से स्नान कर बाबा विश्वनाथ जी की पूजा, अर्चना एवं अभिषेक करेंगे. वहीं कई श्रद्धालुओं द्वारा बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जावेगा. श्रावण सोमवार के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं के देवपुर पहुंचने का क्रम शुरू हो जावेगा. जो दिनभर चलता रहेगा. नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु देवपुर पहुंचेंगे. इस दौरान देवपुर में मेला का भी आयोजन किया जा रहा है.

### देवपुर की ओर जाते दिखे श्रद्धालु

बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर में श्रावण सोमवार के अवसर पर कई श्रद्धालु पैदल भजन, कीर्तन करते हुए पहुंचेंगे, तो वहीं कई श्रद्धालु पिंड भरते हुए देवपुर पहुंचेंगे. एवं बाबा विश्वनाथ जी की पूजा, अर्चना एवं अभिषेक करेंगे. इस अवसर पर रविवार को कई श्रद्धालुओं की मंडली देवपुर की ओर जाते दिखाई दी.



# लायंस क्लब ने किया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**ग्यारसपुर,** हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर लायंस क्लब ग्यारसपुर के तत्वावधान में रेस्ट हाउस परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विशेष रूप से महाराष्ट्र के रायगढ़ से साइकिल यात्रा पर निकले पर्यावरण प्रेमी सुबोध विजय उपस्थित रहे.उन्होंने बताया कि वे अब तक हजारों किलोमीटर की यात्रा कर चुके हैं और इस अभियान का उद्देश्य देशभर में एक लाख पौधे लगाना है. उनकी यह यात्रा पर्यावरण संरक्षण, भारत की सांस्कृतिक विरासत और स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य को लेकर शुरू हुई है.कार्यक्रम में एसडीएम मनोज उपाध्याय, जनपद सीईओ जितेन्द्र जैन, थाना प्रभारी सीमा राय, एडवोकेट राघवेंद्र शर्मा, समाजसेवी स्वदीप रघुवंशी, क्लब के सचिव आदेश जैन, उपाध्याय त्रिलोक सेन, मोनू शर्मा, अनुज जैन समेत लायंस क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे. लायंस क्लब ग्यारसपुर के अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा ने बताया कि आने वाले समय में और भी अधिक वृक्षारोपण किया जाएगा.






# 15 करोड़ 43 लाख से होंगे विकास कार्य



नवभारत न्यूज

**लटेरी,** लटेरी में विधायक उमाकांत शर्मा के मुख्य अतिथि में भूमि पूजन कार्यक्रम हुआ. जिसमें लगभग 15 करोड़ 43लाख की विभिन्न विकास एवं लोकार्पण कार्य को भूमि पूजन किया. कार्यक्रम स्व पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा स्मृति नवीन सब्जी मंडी में किया.जिसमें एडीपी योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों को कुत्रिम अंग मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल और अन्य सहायता उपकरण भी वितरित किए गए. नशा मुक्ति के लिए भी शपथ दिलाई गई.मंच के उद्बोधन में विधायक ने कहा कांग्रेस के कार्यकाल में कभी सिरोंज लटेरी में इतना विकास नहीं हुआ जितना नरेंद्र मोदी सरकार भाजपा डॉ मोहन यादव की सरकार में विकास हुआ है. विधायक उमाकांत शर्मा ने एसडीओपी को निर्देश दिया की लटेरी में चल गए नशे पर सख्त कार्रवाई करें.कार्यक्रम भाजपा के वरिष्ठ नेता रणवीर सिंह बघेल, भैरों सिंह जादौन ,लक्ष्मण सिंह बघेल ,जनपद अध्यक्ष श्रीमती सीमा कलावत, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह गुर्जर, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शैलेश भंडारी ,नगर परिषद उपाध्यक्ष शिवचरण प्रजापत, विधायक प्रतिनिधि अत्तु भंडारी ,भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश यादव महामंत्री जितेंद्र रघुवंशी दशरथ यादव आदि मौजूद थे.

# विधायक ने शासकीय अस्पताल का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज


**गंजबासौदा,** विधायक ने शासकीय राजीव गांधी अस्पताल का निरीक्षण किया. विधायक ने डॉक्टरों को हिदायत दी और कहा किसी तरह की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए. मरीजों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और डॉक्टरों का कर्तव्य भी चिकित्सालय में मरीजों की ठीक से देखभाल नहीं की जा रही है जो गलत है.सुधार नहीं हुआ तो कार्यवाही होगी. श्री रघुवंशी ने मरीजों से चर्चा की.उन्होंने सभी वार्डो का निरीक्षण किया और सुधार करने की बात कही.मरीजों को स्वच्छ पानी मिले दवाइयां अस्पताल से ही उपलब्ध कराई जावे. किसी तरह की कोई समस्या हो मुझे अवगत कराया जावे ताकि मैं स्वास्थ्य मंत्रालय से सुविधा तथा दवाइयां व अन्य समस्याओं पर चर्चा कर सकूं और उनका निदान हो ऐसा प्रयास करूंगा.उनके साथ भाजपा के नेता कार्यकर्ता भी उपस्थित थे.






**बारिश** | **बीते साल की तुलना में इस अवधि में दुगुनी बारिश,जिले में सर्वाधिक पठारी व सबसे कम गुलाबगंज में बारिश**

# सिरोंज में बारिश का 68 प्रतिशत कोटा पूरा



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, क्षेत्र में श्रावण के महीने में हो रही बारिश से नदी, नाले उफान पर है. वही सिरोंज में बीते दिनों में हुई बारिश से औसत बारिश का करीब 68 प्रतिशत कोटा पूरा हो गया है. बीते साल की तुलना में 1 जून से इस अवधि में सिरोंज में करीब दुगुनी बारिश हुई है. वहीं जिले में इस बार अभी तक सर्वाधिक बारिश पठारी व सबसे कम बारिश गुलाबगंज में दर्ज हुई है.**

क्षेत्र में श्रावण के महीने में रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है. बारिश के कारण जिले में नदी, नाले, रपटे उफान पर आ रहे हैं. जिसके कारण कई बार कई मार्गों पर यातायात अवरुद्ध हो रहा है. बारिश से इस बार अभी तक केथन बांध भी करीब आधा भरा चुका है. सिरोंज में बीते 24 घंटे में रविवार की सुबह तक करीब 9 मिमी बारिश दर्ज हुई. सिरोंज में औसत बारिश का आंकड़ा करीब 900 मिमी है. जबकि इस वर्ष 1 जून से रविवार सुबह तक सिरोंज में कुल वर्षा करीब 615 मिमी दर्ज हुई है. इस बार अभी तक सिरोंज क्षेत्र में औसत बारिश की करीब दो तिहाई हो चुकी है. सिरोंज में अभी तक औसत बारिश की 68 प्रतिशत बारिश हो चुकी है. जबकि सिरोंज में गत वर्ष इस समय तक करीब 337 मिमी बारिश दर्ज हुई थी. इस बार बीते साल की तुलना में इस अवधि में करीब दुगुनी बारिश हो चुकी है. वही विदिशा जिले में इस वर्ष अभी तक सबसे कम वर्षा गुलाबगंज में 406 मिमी दर्ज हुई है. जबकि सबसे अधिक बारिश पठारी तहसील में 841.6 मिमी दर्ज हुई है.

### जिले में आज 25 .4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

विदिशा जिले में पिछले 24 घंटो में हुई बारिश की जानकारी देते हुए अधीक्षक भू-अभिलेख सविता पटेल ने बताया कि जिले की तहसीलो में स्थापित वर्षामापी यंत्रो पर रविवार 27 जुलाई की प्रात: 8 बजे 25.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है. विदिशा जिले की सामान्य वर्षा 1075.50 मिमी मानी जाती है. इस वर्ष अब तक 577.6 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी है. जबकि गत वर्ष उक्त अवधि में 472.6 मिमी वर्षा दर्ज हुई थी. उन्होंने बताया कि रविवार 27 जुलाई को सर्वाधिक वर्षा नटेरन तहसील में 44 मिमी और सबसे कम विदिशा तहसील में 8 मिमी दर्ज हुई है. इस बार 1 जून से रविवार सुबह तक विदिशा में 561 मिमी, बासौदा में 472.5 , कुरवाई में 648.4 , सिरोंज में 615 , लटेरी में 487.3 मिमी, ग्यारसपुर में 633 , गुलाबगंज में 406 , नटेरन में 573 , शमशाबाद में 538, पठारी तहसील में 841.6 मिमी वर्षा दर्ज हुई है.